ई, मेल :- dforudraprayag@gmail.com
फोन/ फैक्स नं0 :– 01364 – 233505::
पता –: माई की मढ़ी निकट जवाडी बाईपास रूद्रप्रयाग

कार्यालय उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

पत्रांक 586 / 12-1(2) दिनांक 04/09/2018::

1260/16ए0
06/9/18

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
रुद्रप्रयाग।

विषय :– **जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत छेनागाड–बक्सीर मोटर मार्ग पर मथ्यागांव से उछोला तक मोटर मार्ग (1.40 है0) के निर्माण हेतु लो0नि0वि0 को वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।**

सन्दर्भ :– आपका पत्रांक–3020 / 16सी दिनांक 29.08.2018।

उत्तराखण्ड शासन ने उनके पत्रांक–909 / एक्स–4–16 / 01(287) / 2016 दिनांक 16.09.2016 के द्वारा विषयगत प्रकरण में सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। सैद्धान्तिक स्वीकृति में प्रदत्त अध्यारोपित शर्तों के अनुपालन में जमा की जाने वाली धनराशियों का वित्तीय वर्ष परिवर्तन के कारण संशोधित डिमांड नोट निम्न प्रकार प्रेषित है।

(1) शर्त संख्या–1 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रत्यावर्तन भूमि के बदले 2.80 है0 ग्राम–बक्सीर सिविल सोयम भूमि पर क्षतिपूरक वृक्षारोपण एवं 10 वर्षों तक रखरखाव हेतु देय धनराशि प्रमुख वन संरक्षक उत्तराखण्ड के पत्र संख्या–596 / 3–5–2 दिनांक 19.08.2015 में उल्लिखित वसूली वर्ष 2018–19 के लिये निर्धारित दर के अनुसार रुपये 2.80 ha. @ 278665.00 = 780262.00 (सात लाख, अस्सी हजार, दो सौ बासठ) मात्र की धनराशि जमा की जानी है।

(2) शासन की शर्त संख्या–2 के अनुपालन में प्रस्तावित स्थल के आसपास रिक्त पड़े स्थानों पर यथोचित वृक्षारोपण एवं 10 वर्षों तक रखारखाव हेतु देय धनराशि प्रमुख वन संरक्षक उत्तराखण्ड की पत्र संख्या–596 / 3–5–2 दिनांक 19.08.2015 में उल्लिखित वसूली वर्ष 2018–19 के लिये निर्धारित दर के अनुसार रुपये 2.00 km. @ 417827.00/km. = 835654.00 (आठ लाख, पैंतीस हजार, छः सौ, चव्वन) मात्र जमा की जानी है।

(3) शर्त संख्या–3 के अनुपालन में ऑन लाईन भरे गये प्रपत्र–भाग–2 के अनुसार प्रशनगत क्षेत्र इको क्लास–V के अन्तर्गत है तथा हरियाली का घनत्व 0.42 है। तद्नुसार भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली के पत्र संख्या–5–3 / 2007–एफ0–सी0 दिनांक 05.02.2009 में उल्लिखित दरों के अनुसार रुपये 1.40 ha. @ 845000.00/ha.= 1183000.00 (ग्यारह लाख, तेरासी हजार) मात्र की धनराशि जमा की जानी है।

अतः उपरोक्तानुसार आंकलित की गई धनराशियों का अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, भूमि सर्वेक्षण निदेशालय, इन्दिरा नगर, फॉरेस्ट कालोनी, देहरादून कार्यालय से सत्यापित होने के पश्चात् ही धनराशियों को नियमानुसार जमा करना सुनिश्चित करें।

Sri Nautiyal
08-09-18

उप वन संरक्षक,
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

संख्या / **दिनांकित।**

प्रतिलिपि :– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, भूमि सर्वेक्षण निदेशालय, इन्दिरा नगर, फॉरेस्ट कालोनी, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिलाधिकारी, रुद्रप्रयाग को सूचनार्थ प्रेषित।

उप वन संरक्षक,
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।